दिनांक–23.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन आज लोकसभा में पेष करेंगी बजट।
- पीएम विष्वकर्मा योजना के तहत अब तक 2 करोड़ 28 लाख से अधिक कारीगरों का नामांकन।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा विकास के सभी क्षेत्रों में दिया जा रहा है ध्यान।
- प्रदेश में बारिष का सिलसिला जारी। भोपाल, इंदौर, जबलपुर सहित 36 जिलों में तेज बारिष का अलर्ट।

केन्द्रीय बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज 11 बजे लोकसभा में वित्त वर्ष 2024–25 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार आत्मनिर्भर भारत की दिषा में एक मजबूत बजट पेष करेगी। इससे पहले कल संसद के दोनों सदनों में वित्त वर्ष 2023–24 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। आर्थिक सर्वेक्षण में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढे छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान जताया गया है।

पीएम–विश्वकर्मा

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत देष में अब तक दो करोड़ 28 लाख से अधिक कारीगरों का नामांकन किया गया, जिनमें 13 लाख 94 हजार से अधिक लाभार्थियों का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया जा चुका है। इसमें पांच लाख 42 हजार 222 महिलाएं हैं। कल लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने बताया कि देश भर में कुल पांच लाख तीन हजार 161 उम्मीदवारों को बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिनमें से दो लाख 74 हजार 703 महिला हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक से अधिकतम संख्या में उम्मीदवारों को बुनियादी कौशल प्रशिक्षण के तहत प्रमाणित किया गया है।

आर्थिक सवेक्षण में मध्यप्रदेष

केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा कल संसद में प्रस्तुत देश के आर्थिक सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश में सामाजिक–आर्थिक क्षेत्र के नवाचारी प्रयासों का विशेष उल्लेख किया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इंदौर के 500 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता वाले बायोफ्यूल प्लांट का उल्लेख भी किया गया है। इसके अलावा नदी जोड़ो परियोजना के अंतर्गत लिंक परियोजना का उल्लेख है जिसमें केन–बेतवा लिंक परियोजना पार्बती–कालीसिंध–चंबल लिंक परियोजना का उल्लेख किया गया है। इसके लिये केन्द्र सरकार की ओर से 39,317 करोड रूपये की राषि मिली है। इससे मध्यप्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश और केन्द्र सरकार के परस्पर सहयोग से क्रियान्वित किया जायेगा।

सामाजिक न्याय – समझौता ज्ञापन

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने कल नई दिल्ली में निजी संस्थानों और स्टार्टअप्स के साथ 72 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौता ज्ञापनों का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार और राज्य मंत्री बी. एल. वर्मा की उपस्थिति में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि डीईपीडब्ल्यूडी ने दिव्यांगजनों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक सशक्तिकरण में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि कई संस्थान दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन को आसान बनाने के लिए कम लागत पर देश में उपयोगी उपकरणों का निर्माण कर रहे हैं।

नये फायर स्टेषन–इंदौर

अग्नि दुर्घटनाओं पर त्वरित और प्रभावी नियंत्रण के लिये इंदौर शहर की अग्निशमन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाते हुए विस्तारित किया जायेगा। इसके तहत शहर में सात नए फायर स्टेशन बनाये जायेंगे। शहर में अग्निशमन के लिये अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नए वाहन भी खरीदें जायेंगे। शहर में शिप्रा और कान्ह नदी के शुद्धीकरण हेतु सात एसटीपी प्लांट बनाये जायेंगे। यह जानकारी कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में दी गई।

इस अवसर पर बताया गया कि जहां एक और बड़े और भीड़ वाले भवनों में अग्निशमन के प्रबंध सुनिश्चित कराये जा रहे है वहीं दूसरी ओर अग्निशमन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने की कार्ययोजना भी तैयार की गई है।

भारत रत्न कार्यक्रम–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विकास के सभी क्षेत्रों में ध्यान दिया जा रहा है। विकास के कार्य लगातार आगे बढ़ाते रहेंगे। मध्यप्रदेश धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में भी पहचान बना रहा है। भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों का तीर्थ स्थलों के रूप में विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित मध्य भारत रत्न कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के सपने को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश इस संकल्प की सिद्धी में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है। राज्य सरकार ने निवेश प्रोत्साहन को प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया।

मध्यप्रदेष पुरस्कार

प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय एग्री एंड हॉर्टी एक्सपो में मध्यप्रदेश को हॉर्टिकल्चर, फूड प्रोसेसिंग में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रथम पुरूस्कार प्रदान किया गया है। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र–संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कल प्रगति मैदान में लगे मध्यप्रदेश पवेलियन का अवलोकन किया। उन्होंने एक्सपो में भाग लेने वाले प्रदेश की हॉर्टिकल्चर और खाद प्रोसेसिंग में कार्य करने वाले उत्कृष्ट उद्यमियों से विस्तृत चर्चा की और उन्हें राज्य सरकार की ओर से पुरस्कृत भी किया।

अंतर्विभागीय समिति–बैठक

जनजातीय कार्य एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा है कि विद्यार्थियों के बेहतर व सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिये हमारी सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। प्रदेश के सभी छात्रावासों में बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। डॉ. शाह ने कल भोपाल में छात्रावासों में व्यवस्थाओं के सदृढ़ीकरण एवं छात्रवृत्ति में एकरूपता लाने के लिये राज्य सरकार द्वारा गठित अंतर्विभागीय समिति की बैठक में यह बात कही। उन्होंने निर्देष दिए कि विभिन्न विभागों द्वारा विद्यार्थियों को दी जाने वाली अलग–अलग प्रकार की छात्रवृत्तियों में एकरूपता लाने और छात्रवृत्ति पाने के लिये विद्यार्थियों से मांगे जाने वाले दस्तावेज एवं छात्रवृत्ति स्वीकृति की प्रक्रिया के सरलीकरण के लिये योजना का प्रस्ताव शीघ्र बनाया जाये।

बरिष–मौसम

प्रदेश में इन दिनों बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी भोपाल ,सहित कई जिलों में कहीं तेज तो कहीं धीमी बारिष हो रही है। मौसम विभाग ने इंदौर, जबलपुर, भोपाल सहित राज्य के 36 जिलों में तेज बारिष का अलर्ट जारी किया है।

एशिया कप क्रिकेट

महिला एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट में ग्रुप ए में श्रीलंका के दांबुला में आज भारत का सामना नेपाल से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा। भारतीय टीम अभी ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत ने अपने पिछले मुकाबलों में पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात को हराया है।

एक अन्य मुकाबले में इसी मैदान पर पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात आमने–सामने होगें। यह मैच दोपहर दो बजे खेला जायेगा।

कल ग्रुप बी के एक मैच में मेजबान श्रीलंका ने मलेशिया को 144 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 184 रन बनाए।

ग्रुप बी के एक अन्य मुकाबले में बांग्लादेश ने थाईलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने आई थाईलैंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 96 रन बनाए। जिसके जबाव में बांग्लादेश ने 17 ओवर और तीन गेंद में तीन विकेट पर 100 रन बनाकर जीत दर्ज की।

समाचार संक्षेप में .....

- पन्ना में कल सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा जरूरतमंद दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं के तहत वैशाखी एवं सहायक उपकरणों का वितरण किये गए।
- आगरमालवा में प्रसिद्ध, प्राचीन और ऐतिहासिक षिवालय बाबा बैजनाथ महादेव की शाही सवारी 12 अगस्त को श्रावण माह के चौथे सोमवार पर निकाली जाएगी।
- डिंडोरी कलेक्टर विकास मिश्रा ने कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा संबंधी बैठक की। इस दौरान उन्होंने राजस्व एवं खनिज विभाग प्रमुखों को कर की वसूली समय सीमा में करने के निर्देश दिए हैं।
- सतना जिले के भारत सरकार नीति आयोग द्वारा 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक आकांक्षी विकासखण्डों में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान संचालित किया जा रहा है। सतना जिले के दो विकासखंड मझगवां और रामपुर बघेलान का चयन देश के 500 आकांक्षी विकासखण्डों में किया गया है।

....................................